हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 160 | देहरादून, बुधवार, 14 दिसंबर, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



श्रीनगर विधानसभा के हर घर को मिलेगा शुद्ध पेयजल : डॉ0 धन सिंह रावत

3

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात विकासकार्यों का दिया लेखा जोखा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली , 13 दिसंबर. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संसद भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सशक्त उत्तराखण्ड@25 के क्रम में राज्य सरकार के रोडमैप को साझा करते हुए प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम आने के लिये भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री को बताया कि सशक्त उत्तराखण्ड @25 थीम पर नवम्बर माह में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में चिन्तन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के सभी वरिष्ठ अधिकारियों सहित मंत्रीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। चिन्तन शिविर में राज्य के विकास हेतु अल्पकालिक, मध्यकालिक तथा दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।



राज्य सरकार द्वारा भी आगामी पाँच वर्षों में राज्य की आर्थिकी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राज्य में रोजगार सृजन एवं उद्यमिता प्रोत्साहन के दृष्टिगत आर्थिकी को बढ़ाने वाले सेक्टर चिन्हित किए गये है। कार्यों की द्रुतगति से बढ़ाने और व्यावहारिक रोडमैप तैयार करने व निवेश को बढ़ाने सम्बन्धी रणनीति, कार्ययोजना आदि हेतु Mckinsey जैसी प्रतिष्ठित एजेन्सी को नियोजित किया गया हैं । मुख्यमंत्री ने बताया कि नीति आयोग की भांति State Institute for Empowering & Transforming Uttarakhand (SETU) के गठन का कार्य आरम्भ कर दिया गया है। जनपद चमोली में माणा गाँव को प्रदेश का प्रथम गाँव मानते हुए वहां कैबिनेट की बैठक आयोजित करना प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री के गत उत्तराखण्ड भ्रमण पर पर्यटको से कम से कम पाँच प्रतिशत व्यय स्थानीय सामग्री क्रय करने की अपील को राज्य सरकार ने अपने प्रमुख एजेण्डा में शामिल किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रीन फील्ड सिटी विकसित करने के लिए पर्वतीय एवं मैदानी जनपदों में 15 स्थलों को चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुपोषण को समाप्त करने तथा पारम्परिक तौर पर उत्पादित मोटे अनाज उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु State Millet Mission लाया जा रहा है।अधिक मूल्य वाली कृषि/बागवानी को क्लस्टर फार्मिंग एप्रोच के रूप में प्रोत्साहित किया जा रहा है, वर्तमान में 6624 क्लस्टर चिन्हित किये गये है।मिशन प्राकृतिक खेती का क्रियान्वयन 11 जनपदों में आरम्भ किया जाना प्रस्तावित है। यह मिशन क्लस्टर फार्मिंग एपरोच के आधार पर प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक जनपद में 500-500 हेक्टेयर के दो क्लस्टर का गठन किया जायेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतमाला योजना के अन्तर्गत 35 रोपवे चिन्हित किये गये है, जिन पर निर्धारित अवधि में कार्य आरम्भ तथा उसे पूर्ण करने हेतु रणनीति तैयार की जा रही है। आर०सी०एस० के अन्तर्गत 13 हैलीपोर्टस क्रियाशील है, जबकि राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थलों हेतु 19 हैलीपैड प्रस्तावित किये गये है। राज्य में स्थानीय नागरिकों को पर्यटन गतिविधि से जोड़ने हेतु होम स्टे विकास किया जा रहा है। पर्यटको के लिए सिंगल विंडो के अन्तर्गत ऑनलाइन एग्रीगेटर की व्यवस्था की जा रही है, जिससे होमस्टे में देश-विदेश के पर्यटकों को आसानी से आने-जाने में सुविधा हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में चारधाम जैसे धार्मिक पर्यटन की तरह ₹मानसखण्ड माला तैयार करने का कार्य आरम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत वे सभी पौराणिक धार्मिक क्षेत्र पर्यटन सर्किट से जुडगें, जो अभी तक मुख्य धारा में शामिल नहीं थे। इस कोरिडोर को तैयार करने से स्थानीय स्तर पर पर्याप्त रोजगार की सम्भावना है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए स्वदेश दर्शन 2.0 के अन्तर्गत वित्तीय सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति (2020 के अन्तर्गत प्रस्तावित बाल वाटिका कार्यक्रम आरम्भ कर दिया गया है। पी०पी०पी० मॉडल के अन्तर्गत सैनिक स्कूल के गठन हेतु 04 जनपदों में स्थल चयनित कर दिये गये है।

पी0एम0 गतिशक्ति के अन्तर्गत राज्य गतिशक्ति मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बडे पैमाने पर रोजगार सृजन हेतु जहाँ विभिन्न उद्योगों के साथ नये एमओयू कराये जाने का प्रस्ताव है, वहीं औद्योगिक पार्कों की स्थापना तथा नये औद्योगिक क्लस्टर व ग्रोथ सेन्टर का विकास करते हुए एक जिला-दो उत्पाद के अन्तर्गत स्वरोजगार को बढ़ावा देने की रणनीति तैयार की जा रही है। राज्य में उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु लॉजिस्टिक पॉलिसी, सर्विस सेक्टर पॉलिसी, प्राईवेट औद्योगिक नीति और नयी एमएसएमई नीति लायी जा रही है। ईज ऑफ डूविंग बिजनेस के अन्तर्गत सिंगल विन्डो सिस्टम को सुदृढ़ करते हुए कम्प्लाइन्स बर्डन को कम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में यदि वर्षा पर निर्भर नदियों को ग्लेशियर आधारित नदियों से जोड़ दिया जाए तो इस अभिनव प्रयोग का लाभ राज्य ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर भारत को प्राप्त हो सकता है। हिमालयी राज्यों में ग्लोबल वार्मिंग के कारण जल स्रोत का तेजी से हास हो रहा है। इन जलधाराओं के पुर्नजीविकरण हेतु एक वृहत कार्यक्रम मिशन मोड में करने की प्रबल आवश्यकता है। बहुप्रदेशीय महत्व का यह कार्यक्रम भारत सरकार के तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा तथा हरिद्वार में कांवड यात्रा सहित अन्य धार्मिक यात्राओं के कारण राज्य में फ्लोटिंग जनसंख्या, जो लगभग प्रतिवर्ष 4-5 करोड़ होती है, के लिए न्यूनतम अवस्थापना सुविधाओं आवश्यक है। सामान्यतः तीर्थ यात्रियों के माध्यम से राज्य के राजस्व में बढ़ोत्तरी नहीं के बराबर है। मुख्यमंत्री ने वित्तीय संसाधनों के आवंटन में इस महत्वपूर्ण तथ्य को ध्यान में रखे जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि ऑलवेदर रोड का कार्य राज्य में द्रुतगति से चल रहा है, परन्तु सामरिक दृष्टिकोण से इसे सीमान्त क्षेत्र तक बढ़ाने की आवश्यकता है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन की तरह टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का निर्माण सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि सामरिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य तथा सीमित संसाधनों के कारण तथा राज्य को रेल परियोजनाओं की लागत में 50 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी वहन करने की शर्त पर छूट आवश्यक है। जिन रेल परियोजनाओं का रेट ऑफ रिर्टन निगेटिव है उनकी भी स्वीकृति इस राज्य हेतु आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामरिक दृष्टिकोण तथा पर्यटन एवं पर्वतीय क्षेत्र की आर्थिकी को बढ़ावा देने नैनी सैनी, गौचर तथा चिन्यालिसौड़ हवाई पटटियों का विस्तारीकरण एयरपोर्ट के रूप में आवश्यक है। सामरिक दृष्टिकोण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जौलीग्रान्ट तथा पन्तनगर एयरपोर्ट का भी विस्तारीकरण आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के निकट स्थित चौखुटिया क्षेत्र में नये एयरपोर्ट/ हवाई पट्टी की स्थापना करना आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से आवश्यक होगा। आपदा भूस्खलन, अतिवृष्टि वनाग्नि ग्लेशियर खिसकना आदि के दृष्टिगत एक सशक्त वेदर फोरकास्टिंग सिस्टम, डॉप्लर रडार से युक्त अवस्थापना की अत्यन्त आवश्यकता हैं ।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा व लघु जल विद्युत परियोजनाओं में निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु नवीकरणीय ऊर्जा/ लघु जलविद्युत नीति बनायी जा रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में परिवार पहचान पत्र तैयार करने का कार्य आरम्भ किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार की लाभार्थीपरक योजनाओं को इस प्रकार से लिंक किये जाने का प्रस्ताव है कि किसी भी परिवार से लाभार्थी का चयन निर्धारित मानकों एवं योग्यता के आधार पर ऑटोमेटिक हो जाए। ईज ऑफ लिविंग के अन्तर्गत नागरिकों की आसानी के लिए अपुणी सरकार पोर्टल में 475 से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, ठेकेदार की हत्या में शामिल एक बदमाश के पैर में लगी गोली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुडकी, 13 दिसंबर। ठेकेदार से लूट और हत्या के आरोपी बदमाश व पुलिस के बीच मंगलवार देर शाम हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली कर लग गई। उसके चार अन्य साथी जंगल के रास्ते भाग निकले। उनकी तलाश में कांबिंग की जा रही है। घायल बदमाश को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

विगत शुक्रवार को भगवानपुर के ग्राम सिकंदरपुर के पास पंखे बनाने वाली कंपनी के लेबर कांट्रेक्टर प्रभाकर बोहरा पर भगवानपुर ओवरब्रिज के पास बदमाशों ने चाकू से हमला कर घायल दिया था। उनसे आठ लाख रुपये लूट लिए गए थे। पुलिस ने भगवानपुर क्षेत्र से एक बदमाश को बाइक समेत दबोच लिया था। दो बदमाश फरार हो गए थे। आरोपी ने अपना नाम व पता कृष्णपाल उर्फ किशनपाल निवासी होशियारपुर, जिला मुजफ्फरनगर बताया था। साथ ही अन्य साथियों के नाम भी बताए थे।

पुलिस फरार बदमाशों की धरपकड़ के लिए जाल बिछाए हुए थी। मंगलवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि एक बदमाश देवबंद की ओर से आ रहा है। सूचना पर भगवानपुर और झबरेड़ा थाने की पुलिस ने उसे चुड़ियाला में घेर लिया। पुलिस से घिरा देख बदमाश डाडली और महेश्वरी के जंगलों की तरफ भागने लगा। पुलिस को पीछा करते देख बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके दाएं पैर में गोली लग गई वो गिर गया। उसके चार अन्य साथी फरार हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश को दबोच लिया और सिविल अस्पताल रुड़की में भर्ती कराया।



पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम रोहित निवासी ग्राम चोली शहाबुद्दीनपुर थाना भगवानपुर बताया है। उससे बाइक और एक तमंचा बरामद किया गया है। सूचना मिलते ही एसएसपी अजय सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि घटना वाले दिन लूट में छह बदमाश शामिल थे। बदमाशों ने करीब 6.30 लाख की नकदी आपस में बांट ली है। बाकी रकम की जानकारी ली जा रही है। अन्य बदमाशों को भी चिन्हित किया जा रहा है।

# SBI के ग्राहकों के लिए खुशखबरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अगर आप भी इन दिनों अपने पैसों को फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) में निवेश करने वाले हैं तो यह खबर आपके लिए है। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) अपने फिक्स्ड डिपॉजिट के चुनिंदा मैच्योरिटी पीरियड के दरों को बढ़ाने का फैसला लिया है। एसबीआई के वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक, FD पर एसबीआई की संशोधित दरें 13 दिसंबर से प्रभावी हो गई हैं और नए डिपॉजिट या रिन्यू होने वाले डिपॉजिट पर ये लागू होंगे। ध्यान देने वाली बात है कि नई दरें दो करोड़ रुपये से कम के FD पर दिए जा रहे हैं।

**क्या है SBI की नई FD दरें**

भारतीय स्टेट बैंक की नई FD दरों की बात करें तो ये एफडी की ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट से लेकर 65 बेसिस प्वाइंट तक बढ़ोतरी की गई है। ये दरें कुछ इस तरह से हैं-

7 दिन से 45 दिन - 3%

46 दिन से 179 दिन - 4.5%

180 दिन से 210 दिन - 5.25%

211 दिन से 1 वर्ष से कम - 5.50 से 5.751 वर्ष से

2 वर्ष से कम - 6.75 6.10 से2 वर्ष से

3 वर्ष से कम - 6.25 से 6.73 वर्ष से

5 वर्ष से कम - 6.10 से 6.255 साल और 10 साल तक - 6.10 से 6.25

सामान्य दरों के अलावा SBI की सीनियर सिटिजन के लिए मिलने वाले FD स्कीम की दरों को भी बढ़ा दिया गया है। ये एफडी की ब्याज दरें 3.50 प्रतिशत से 7.25 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं।

7 दिन से 45 दिन - 3.50%

46 दिन से 179 दिन - 5%

180 दिन से 210 दिन - 5.75%

211 दिन से 1 वर्ष से कम - 6.25%

1 वर्ष से 2 वर्ष से कम - 7.25%


2 साल से 3 साल से कम -7.25%

3 साल से 5 साल से कम - 6.75%5 वर्ष और 10 वर्ष तक -7.25%

जानकारी के लिए बता दें कि इसी साल अक्टूबर मे भी एसबीआइ की ओर से दो करोड़ से कम की एफडी की ब्याज दरों को बढ़ाया गया था। इसमें 0.10 प्रतिशत या 0.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। इसमें कुछ एफडी स्कीम पर वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम 7.65 प्रतिशत तक की ब्याज दिया जा रहा है।




# लड़के की सुंदर हैंडराइटिंग देखकर लोग हुए हैरान




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कंप्यूटर के ज़माने में लोग लिखना भूल चुके हैं. लोगों को अब पहले जैसे लिखने की आदत नहीं रही है. स्कूल भी अब डिजिटल हो गया है. इस कारण अब बच्चे अपने सभी प्रोजेक्ट्स कंप्यूटर और टैब पर करते हैं. एक समय होता था, जब लोगों को उनकी राइटिंग के आधार पर जांचा जाता था. जिसकी राइटिंग सुंदर होती थी, लोग उन्हें बहुत ही ज्यादा सम्मान देते थे.

बचपन में हर किसी को स्कूल में अच्छी हैंडराइटिंग के लिए बोला ही जाता है. कई बार तो खराब हैंडराइटिंग के चलते पेपर में नंबर भी कम हो जाते हैं. परीक्षा में अच्छी हैंडराइटिंग वाले को ज्यादा अंक मिलते हैं, ऐसा माना जाता है. माता-पिता भी बचपन से बच्चों की हैंडराइटिंग को अच्छा और साफ करने के लिए उनके साथ काफी मेहनत करते हैं. , जिसमें लिखने वाले की हैंडराइटिंग को देखकर आप भी अपना दिल हार बैठेंगे. एक बंदा हर अक्षर को बड़ी ही खूबसूरती से कागज पर उतार रहा है, जिसे देखकर आप भी शख्स की सुंदर लिखावट की तारीफ करते नहीं थकेंगे. . बंदे की ये हैंडराइटिंग इतनी बेहतरीन है कि कैलीग्राफी को भी टक्कर दे रही है. कैलीग्राफी शब्द ग्रीक शब्द कल्लोस से लिया गया है, जिसका मतलब है 'सौंदर्य' और ग्रेफीन का मतलब 'लिखना' है.

दरअसल, मध्यपूर्व और पूर्वी एशिया में मूर्तिकला या पेंटिंग जैसी परंपराओं के साथ कैलीग्राफी को एक प्रमुख कला के रूप में देखा जाता है. यूं तो कैलीग्राफी बहुत ही आकर्षक कला है, लेकिन किसी के लिए भी इसे सीखना कोई आसान काम नहीं है. आजकल इसका इस्तेमाल लोगो, इवेंट इंविटेशन आदि को डिजाइन करने के लिए किया जाता है. . 'यह सबूत है.कि कैलीग्राफी क्या आर्ट है.' इस को खूब पसंद किया जा रहा है. इस को ट्विटर पर अब तक 29 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं.

# पिछले 5 वर्षों में हिमालयी राज्यों में ट्रेकिंग अभियानों में 150 मारे गए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन जैसे उद्योग निकायों और अन्य स्रोतों से पिछले पांच वर्षों में भारतीय हिमालय में पर्वतारोहण और ट्रेकिंग अभियानों के दौरान कम से कम 150 लोगों की जान चली गई है और आधा दर्जन से अधिक अभी भी लापता हैं।आईएमएफ की जोखिम प्रबंधन इकाई, जो समय-समय पर पहाड़ों में दुर्घटनाओं की समीक्षा करती है और निवारक कदमों की सिफारिश करती है, ने पाया कि केवल एक वर्ष में - 2017 और 2018 के बीच - अभियान में 43 लोग मारे गए, मुख्य रूप से ऊंचाई की बीमारी के कारण। अधिकारियों के अनुसार, कई मौतों की सूचना भी नहीं दी जाती है, जिसका अर्थ है कि वास्तविक संख्या अधिक हो सकती है।


'गाइड के उचित प्रशिक्षण से कम हो सकती है हताहतों की संख्या'

सबसे ज्यादा मौतें हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों से हुई हैं; जनवरी 2019 और फरवरी 2020 के बीच, इन दो राज्यों में किए गए अभियानों में 37 लोगों की मौत हो गई, जहां अधिकांश लोकप्रिय ट्रेकिंग ट्रेल्स और चोटियां हैं।आईएमएफ की जोखिम प्रबंधन इकाई के पूर्व प्रमुख मनिंदर कोहली ने कहा, ₹प्रशिक्षण की कमी वाले शौकिया ट्रेकर्स कठिन ट्रेकिंग करते हैं, और



गैर-पेशेवर एजेंसियां जो इस तरह के पर्यटन की सुविधा देती हैं, कुछ ऐसे कारक हैं जो आपदाओं का कारण बनते हैं।₹ कोहली ने कहा कि अमेरिका और यूरोप में एक गाइड को भारत के विपरीत ₹जंगल प्राथमिक चिकित्सा पाठ्यक्रम₹ पूरा करने की आवश्यकता होती है, जहां ट्रेकिंग समूहों द्वारा ₹किसी भी स्थानीय लड़के₹ को काम पर रखा जा सकता है। ₹हम गाइडों के लिए उचित प्रशिक्षण शुरू करके हताहतों की संख्या को कम कर सकते हैं,₹ उन्होंने कहा। महामारी के बाद, पर्वतारोहण और ट्रेकिंग सीज़न - 2021 और 2022 - 60 से अधिक लोगों की जान गंवाने वाले दुखद से कम नहीं हैं। पिछले साल लमखागा दर्रा (5,300 मीटर) त्रासदी सबसे घातक में से एक थी; इसमें एक समूह के 10 पर्वतारोही मारे गए और दो लापता हो गए। नतीजतन, हिमाचल सरकार ने किन्नौर जिले में सभी ट्रेकिंग और पर्वतारोहण गतिविधियों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। पिछले साल एक और बड़ा ट्रेकिंग हादसा हुआ था जिसमें बागेश्वर जिले के सुंदरधुंगा ग्लेशियर ट्रेक पर खराब मौसम में फंसने के बाद पश्चिम बंगाल के पांच ट्रेकर्स की मौत हो गई थी।

जनवरी 2022 में, धौलाधार रेंज में एक



ट्रेकिंग अभियान के दौरान धर्मशाला के दो किशोर गायब हो गए और बाद में मृत पाए गए। अक्टूबर 2021 में, खमेंगर ग्लेशियर मार्ग के साथ बंगाल के दो ट्रेकर्स मारे गए थे इस साल अक्टूबर में उत्तरकाशी जिले में द्रौपदी का डंडा चोटी पर हिमस्खलन की चपेट में आने से नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम) के 27 प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों के साथ देश में पर्वतारोहण के इतिहास में सबसे बुरी त्रासदियों में से एक दर्ज की गई। उस समूह के दो अभी भी लापता हैं। अरुणाचल प्रदेश में कहीं और, दो पर्वतारोही, तापी म्रा और निकु दाव, अगस्त 2022 से लापता हैं। वे पूर्वोत्तर राज्य की सबसे ऊंची चोटी 6,900 मीटर ख्यारव सतम पर चढ़ने के लिए निकले थे। उनका सामान बर्फ की मोटी परत से ढके पूर्वी कामेंग जिले में माउंट ख्याली सातम के कैंप-2 के बाहर के इलाके से बरामद किया गया।हाल के महीनों में मौतों के इन निशानों के पीछे प्राथमिक कारण क्या हैं? पर्वतारोहण के विशेषज्ञ उनमें से कई को सूचीबद्ध करते हैं, जैसे अनियमित ट्रेकिंग संगठन, खराब तैयार पर्वतारोही, सुरक्षा प्रोटोकॉल की अवहेलना, युवा और शौकिया ट्रेकर्स के बीच लंबी पगडंडियों को पूरा करने की जल्दबाजी और ट्रेक जागरूकता की कमी।एनआईएम के पूर्व-प्रिंसिपल, कर्नल अजय कोठियाल ने कहा, ₹हमें यह समझना चाहिए कि पर्वतारोहण और उच्च ऊंचाई वाले ट्रेकिंग में निहित जोखिम शामिल हैं। अप्रशिक्षित लोगों के लिए, पर्वतारोहण एक खतरनाक खेल है। अति-साहसिकता एक बड़ा 'नहीं' है।₹ माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली देश की पहली महिला महान पर्वतारोही बछेंद्री पाल ने कहा कि एक सफल अभियान के लिए अग्रिम योजना, परिस्थितियों के अनुकूल होने की क्षमता, स्थितिजन्य नेतृत्व, टीम की एकता प्रमुख कारक हैं।

# श्रीनगर विधानसभा के हर घर को मिलेगा शुद्ध पेयजल : डॉ0 धन सिंह रावत

## डॉ0 रावत ने की विधानसभा क्षेत्र की पेयजल योजनाओं की समीक्षा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 13 दिसम्बर। श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। लगभग 100 करोड़ की लागत से तैयार हो रही कण्डारस्यूं-पैठाणी, विडोली, एनआईटी सुमाड़ी एवं गंगाऊ-भीड़ा पम्पिंग पेयजल योजनाओं से क्षेत्र की 35 हजार से अधिक आबादी को सीधे फायदा मिलेगा। पम्पिंग योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने और प्रत्येक परिवार को पेयजल योजना से जोड़ने के लिये विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दे दिये गये हैं।


कैबिनेट मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने विधानसभा स्थित सभाकक्ष में श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्माणाधीन पम्पिंग योजनाओं को शीघ्र पूरा कर क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। डॉ0 रावत ने बताया कि श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खिर्सू, पाबौं एवं थलीसैंण विकासखंडों में लगभग 100 करोड़ की लागत से चार बड़ी पम्पिंग पेयजल योजना कण्डारस्यूं-पैठाणी, विडोली, एनआईटी सुमाड़ी एवं गंगाऊ-भीड़ा पेयजल पम्पिंग योजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि इन सभी पेयजल योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र के 125 राजस्व ग्रामों की लगभग 35 हजार से अधिक आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। जिससे क्षेत्र की पेयजल समस्या हमेशा के लिये दूर हो जायेगी।



कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में स्थित विद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों एवं पंचायत भवनों को भी प्राथमिकता के साथ पेयजल योजना से जोड़ने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये, साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये किये कोई भी परिवार पेयजल सुविधा से वंचित न रहे इसके लिये प्रत्येक परिवार को पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया जाय। बैठक में प्रबंध निदेशक (एमडी) पेयजल निगम उदय राज सिंह, अधीक्षण अभियन्ता गढ़वाल संजय सिंह, अधिशासी अभियंता दीक्षा नौटियाल, सहायक अभियंता पेयजल निगम श्रीनगर अजय कुमार गुरूंग, कार्यदायी संस्था के महाप्रबंधक मनोज कुमार शर्मा, मैनेजर ऑपरेशन दीपक बिष्ट सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मिनी स्टेडियम खिर्सू एवं पाबौं के निर्माण संबंधी समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को स्टेडियम के अधूरे कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिस स्टेडियम के लिये धनराशि की अतिरिक्त आवश्यकता पड़ रही है उसके लिये अलग से डीपीआर तैयार कर शासन को प्रेषित की जाय लेकिन इससे पहले पूर्व में स्वीकृत धनराशि शतप्रतिशत उपयोग कर यूजी शासन को उपलब्ध कराई जाय। बैठक में निदेशक खेल एवं युवा कल्याण जितेन्द्र कुमार सोनकर, उप सचिव धीरेन्द्र कुमार सिंह, अपर निदेशक राकेश चन्द्र कार्यदायी संस्था पेयजल निगम के विक्रम सिंह राणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन संदिग्धों का एसटीएफ ने कराया पॉलीग्राफ टेस्ट, नौ का बाकी



मसूरी (देहरादून) 13 दिसम्बर। । मसूरी के चर्चित सुनील हत्याकांड में संदिग्धों का मंगलवार से पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू हो गया है। पहले दिन तीन संदिग्धों का टेस्ट कराया गया। अभी नौ और संदिग्धों के टेस्ट किए जाने हैं। बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया में तीन से चार दिन का वक्त लग सकता है। इसके बाद विशेषज्ञों की टीम अपनी रिपोर्ट एसटीएफ को सौंपेगी।

बता दें कि बीती 25 फरवरी को सुनील का शव हाथी पांव मसूरी के जंगल में पड़ा मिला था। शुरुआत में मसूरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की लेकिन पांच महीनों तक मामले में कोई सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद इस जांच को एसटीएफ के हवाले कर दिया गया। एसटीएफ ने शुरुआती पड़ताल के बाद 12 संदिग्धों को चिह्नित किया। इनसे हत्याकांड का राज उगलवाने के लिए एसटीएफ ने कोर्ट से नार्को टेस्ट की अनुमति मांगी थी लेकिन कोर्ट ने पॉलीग्राफ टेस्ट की अनुमति दी।

टेस्ट करने के लिए सोमवार को दिल्ली से पांच सदस्यीय टीम देहरादून पहुंची थी। इन्होंने मंगलवार से टेस्ट प्रक्रिया को शुरू किया। पहले दिन तीन संदिग्धों के टेस्ट किए गए। एएसपी चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि टेस्ट प्रक्रिया गोपनीय होती है। इसके लिए विवेचना अधिकारी को भी कमरे के बाहर ही रहने को कहा गया था। हालांकि, विशेषज्ञों को सवालों की सूची विवेचना अधिकारी ही उपलब्ध कराता है।

**सुनील के करीबी लोग भी हैं संदिग्धों में शामिल**

जौनसार क्षेत्र निवासी सुनील मसूरी में दुकान चलाता था। अचानक वह गायब हो जाता है और दो दिन बाद उसका शव जंगल में पाया जाता है। इससे पहले परिवार वाले भी उसकी तलाश में जुटे हुए थे। पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों और क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की थी। इनमें से कुछ एसटीएफ की सूची में भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि संदिग्धों में सुनील के करीबी भी शामिल हैं। इससे अंदेशा जताया जा रहा है कि सुनील की हत्या किसी साजिश के तहत कुछ परिचितों के कहने पर की गई है।

## शहीद पीआरडी जवानों के परिवार को मृतकाश्रित कोटे में भर्ती करेंगे : रेखा आर्या

### महिला भर्ती में न्यूनतम 30% महिला कोटा किया जायेगा निर्धारित-रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 13 दिसम्बर। पीआरडी मुख्यालय में प्रांतीय रक्षक दल का प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे विभागीय मंत्री रेखा आर्या बतौर मुख्य अतिथि शिरकत हुई।इस दौरान PRD जवानों द्वारा शानदार रेतिक परेड आयोजित की गई साथ ही इस अवसर पर PRD के लोगो एवम् ध्वज का अनावरण भी किया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कोरोना काल में शहीद हुए PRD जवानों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि भी वितरित की। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि हम पीआरडी जवानों के लिए नवीनतम, सहायक और सशक्त करने वाले निर्णय लेंगे।साथ ही अगले स्थापना दिवस तक दुर्घटना में शहीद जवानों के परिवार को मृतकाश्रित कोटे में भर्ती करने का प्राविधान किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि यह देखना बेहद सुखद रहा कि आपने कम समय में तैयारी कर शानदार परेड का आयोजन किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हमारे पीआरडी जवानों ने कोरोना काल, चारधाम यात्रा जैसी विषम परिस्थितियों में बेहतरीन कार्य किया है। कहा कि मानदेय में परिवर्तन हुआ और आज हमारे जवानों को सम्मानित धनराशि मिल रही है। साथ ही मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पुलिस विभाग के सहयोग से लेकर, आपदा, तीर्थ यात्रा इत्यादि में PRD जवानों का बहुत बड़ा योगदान है। हमारे जवान अपने प्रदेश के अलावा पड़ोसी प्रदेशों में भी चुनाव के समय की शांति व्यवस्था का जिम्मा बखूबी निभाते हैं। हमारे जवानों का यात्रा सीजन में रुके मानदेय का भुगतान करवाने का कार्य हमारी सरकार ने किया है जिसके लिए विभाग ने पहली बार पुनर्विनियोग बजट पेश कर इसके निस्तारण का कार्य किया है।

वही मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हमारी सरकार पीआरडी जवानों को 300 दिनों का रोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अभी विभाग मे कुल 9300 PRD जवानों की तैनाती है जिसमे महिला जवानों की संख्या लगभग 600 है इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। साथ ही महिला भर्ती में न्यूनतम 30% महिला कोटा निर्धारित किया जाएगा और महिला जवानों के लिए प्रसूति अवकाश की अनुमन्यता सुनिश्चित की जा रही है।

# भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ की कई मांगों पर एमएलए काऊ ने दिया भरोसा






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 13 दिसम्बर। DRDO परिसर देहरादून स्थित सभागार में भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (BPMS) से सम्बद्ध विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों के आह्वान पर स्थानीय क्षेत्र विधायक उमेश शर्मा₹काऊ₹ को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित कर उनका सम्मान एवं संगठन की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के सचिव अनिल कुमार जी ने ओर संचालन सहसचिव हेमन्त कुमार ने किया। जिसमें मुख्यतया नए संगठनों को सुदृढ़ एवं संरक्षण प्रदान कर होने वाली समस्याओं के निस्तारण में आने वाली बाधाओं के सम्बंध में अवगत करवाया गया, जिसके लिए उमेश शर्मा काऊ विधायक ने रक्षा राज्यमंत्री जी के संज्ञानार्थ ध्यानाकर्षण का भरोसा दिया, सभी संगठन साथियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया इसके अतिरिक्त स्थानीय क्षेत्रीय बिन्दुओं के निराकरण का संज्ञान ज्ञापित किया।IRDE कर्मचारी संगठन द्वारा CGHS सेवा सुविधा की जटिल समस्याओं को सरलीकरण करवाने के प्रयासों को केंद्रीय स्वास्थ योजना को अवगत करवाने की बात कही। आयुध निर्माणी मजदूर संघ (OFD) के अध्यक्ष पंकज शर्मा के द्वारा भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ से अपील की गई कि न्यू पेंशन सिस्टम को खत्म कर पुरानी पेंशन सिस्टम को लागू करने के लिए बड़े आंदोलन करने की जरूरत है। इस आंदोलन के सरकार के एकमात्र मांग हो पुरानी पेंशन योजना को लागू करो।

इस अवसर पर BPMS के सचिव अनिल कुमार, सह सचिव हेमन्त कुमार,केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य केसर सिंह, लोकेश देवराड़ी,OFD के अध्यक्ष पंकज शर्मा, उज्ज्वल त्यागी, धीरेंद्र त्यागी, दीपक शर्मा, देवाशीष शर्मा, OLF के सुनील शर्मा, सतीश गौड़, कल्याण सिंह, विनोद त्यागी, MES कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष चंद्रदत्तसुयाल, राजकुमार, दीपक कुमार, अमित गुरुङ, नन्द लाल, विपिन राणा,कालूराम,IRDE के अरुण कुमार, ओम प्रकाश, अशोक कुमार, पदम दत्त, DEAL से कीर्ति सिंह चौहान, आशुतोष शुक्ला, अशोक चोधरी, एस एस रावत आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# ट्विटर का वेरिफिकेशन टिक जानें इसकी पूरी प्रॉसेस





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 13 दिसंबर , ट्विटर पर एक सबसे बड़ा बदलाव किया गया है, जो अकाउंट वेरिफिकेशन से जुड़ा हुआ है। वेरिफाइड अकाउंट के लिए ट्विटर की पुरानी ब्लू टिक पॉलिसी में बदलाव कर दिया गया है। अब वेरिफाइड अकाउंट तीन अलग-अलग रंगों में नजर आने लगे हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में और इसकी पूरी प्रॉसेस...

**इन्हें मिलेगा ट्विटर का गोल्ड टिक (Twitter Gold Tick)**

एलन मस्क ने पिछले दिनों ट्विटर अकाउंट वेरिफिकेशन में बदलाव की बात कही थी, जिसे मंगलवार से लागू कर दिया गया है। अब ट्विटर के वेरिफाइड अकाउंट्स गोल्ड, ब्लू और ग्रे टिक के साथ नजर आएंगे। ट्विटर के मुताबिक इसमें से गोल्ड टिक कंपनियों के वेरिफाइड ट्विटर अकाउंट पर नजर आएगा। वेरिफिकेशन टिक का कलर बदलने के साथ-साथ कई नए फीचर्स भी यूजर्स को दिए जाएंगे।

**इन्हें मिलेगा ट्विटर का ग्रे टिक (Twitter Grey Tick)**

ट्विटर में दूसरा वेरिफिकेशन टिक है ग्रे टिक। ये टिक सरकारी संस्थाओं के ट्विटर अकाउंट्स को वेरिफिकेशन के बाद दिया जाएगा। इसकी मदद से कंपनियों और सरकारी संस्थाओं में आसानी से अंतर किया जा सकेगा। हालांकि, ये सभी वेरिफिकेशन टिक मैन्युल एप्लीकेशन के बाद ही मिलेंगे। हर अकाउंट को ट्विटर के वेरिफिकेशन नियमों का पालन करना होगा।

**सिलेब्रिटी और आम लोगों के लिए ब्लू टिक**

अब आप कोई सिलेब्रिटी हों या आम आदमी, आप ट्विटर का ब्लू टिक पा सकते हैं।

पिछले ब्लू टिक की सेवाओं को बंद कर 'ट्विटर ब्लू' नाम से एक नई सेवा शुरू की गई है। इसमें ब्लू टिक के साथ आपको ट्वीट एडिट करने, 1080p में वीडियो अपलोड करने और सर्च रैंकिंग में प्रायोरिटी जैसे कई प्रीमियम फीचर पहले ही मिल जाएंगे। सभी वेरिफिकेशन टिक के लिए ट्विटर ने निम्नलिखित नियम बताए हैं, जो इस प्रकार हैं।

आपके अकाउंट में पूरी जानकारियां भरी होनी चाहिए ।अकाउंट में प्रोफाइल फोटो हो और उसे हाल ही में बदला न गया हो।अकाउंट कम से कम 90 दिन पुराना हो।आप पिछले 30 दिनों से ट्विटर पर एक्टिव हों।आपने हाल ही में अपना ट्विटर यूजर नेम या डिस्प्ले नेम न बदला हो।आपने ट्विटर की गाइडलाइंस का उल्लंघन न किया हो और न ही उसमें भ्रामक जानकारी हो।आपके अकाउंट से आपका फोन नंबर जुड़ा हो।

बता दें कि ट्विटर वेब पर वेरिफिकेशन के लिए आपको 8 डॉलर यानी लगभग 660रु प्रतिमाह चुकाने होंगे। वहीं आईओएस के लिए 11 डॉलर यानी करीब 909 रु चुकाने होंगे।

इन सभी चीजों को रिव्यू करने के बाद ट्विटर टीम वेरिफिकेशन अप्रूवल देती है। अधिक जानकारी के लिए आप ट्विटर सपोर्ट पर जा सकते हैं।

# 25 से 30 दिसंबर के बीच शुरू हो सकती है सीटीईटी की परीक्षा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 13 दिसंबर , सीटीईटी दिसंबर 2022 परीक्षा के लिए आवेदन किए लाखों उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दिसंबर 2022 का आयोजन इसी माह के अंतिम सप्ताह के दौरान केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा किया जा सकता है।

बोर्ड द्वारा आधिकारिक तौर पर सीईटी 2022 एग्जाम डेट की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बोर्ड के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रकाशित विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीबीएसई सीटीईटी 2022 का आयोजन आखिरी हफ्ते 25 से 30 दिसंबर के बीच शुरू कर देगा।

हालांकि, बोर्ड द्वारा सीटीईटी परीक्षा तिथि पर अभी तक अपडेट नहीं किए जाने के चलते उम्मीदवारों को सीबीएसई के नोटिफिकेशन का फिलहाल इंतजार ही करना होगा। एडमिट कार्ड डाउनलोड एक हफ्ते पहले सीटीईटी 2022 परीक्षा तिथि के साथ-साथ रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि सीबीएसई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के दिसंबर सत्र के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों के परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जरूरी एडमिट कार्ड को परीक्षा शुरू होने की तारीख से एक सप्ताह पहले जारी कर देगा।

सीबीएसई सीटीईटी एडमिट कार्ड 2022 डाउनलोड करने के लिए लिंक को परीक्षा पोर्टल, ctet.nic.in पर एक्टिव करेगा। इस लिंक से माध्यम से उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। सीटीईटी परीक्षा करीब 30 लाख उम्मीदवारों को है एडमिट कार्ड डाउनलोड का इंतजार बता दें कि सीबीएसई ने सीटीईटी दिसंबर 2022 के लिए आवेदन प्रक्रिया 31 अक्टूबर से 24 नवंबर तक संचालित की थी। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सीटीईटी 2022 के लिए 30 लाख से अधिक उम्मीदवारों से आवेदन किया है, जिनमें से 10 लाख उम्मीदवार यूपी और बिहार राज्यों से हो सकते हैं। इन लाखों उम्मीदवारों को अब परीक्षा आयोजन और प्रवेश पत्र डाउनलोड की तारीखों का इंतजार है।

# छुटमलपुर ऑल इंडिया सहारा ट्रस्ट द्वारा विधवा औरतों को 50 सिलाई मशीन वितरित की गई




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

यूपी , 13 दिसंबर , छुटमलपुर में गरीब और बेसहारा और विधवा औरतों को 50 सिलाई मशीन वितरित की गई ताकि वह सिलाई करके अपने घर परिवार और बच्चों का पालन पोषण कर सकें ट्रस्ट के अध्यक्ष सरवर आलम ने ट्रस्ट के लक्ष्य और उद्देश्य पर बात करते हुए कहा कि हमारा सिलाई मशीन वितरित करने का मकसद सिर्फ यह है ताकि गरीब और बेसहारा औरतें अपने घर बैठकर सिलाई करके अपने बच्चों का पालन पोषण कर सकें और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी बाबू अब्दुल शहीद ने भी ट्रस्ट के लक्ष्य और उद्देश्य पर बात की कि इस प्रोग्राम के बाद एक सिलाई सेंटर कायम किया जाएगा जिसमें फ्री सिलाई सिखाई जाएगी। देहात विधानसभा से पहुंचे विधायक आशु मलिक ने भी ट्रस्ट की टीम के कार्य को सराहा और हर मुमकिन ट्रस्ट का साथ देने की बात कही कि जहां मेरी जरूरत पड़े मैं आपके साथ खड़ा हूं। ऐसे काम बिल्कुल होने चाहिए ताकि गरीब और बेसहारा बच्चों और औरतों का भला हो सके और उन को रोजगार मिल सके।

बेहट विधानसभा के विधायक उमर अली खान ने भी ट्रस्ट के कार्य को सराहा और हर मुमकिन ट्रस्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही कि ऐसे काम की बहुत जरूरत है उन्होंने ट्रस्ट की टीम के इस कदम को सराहा और कहा कि बहुत अच्छी पहल है. मैं उनको मुबारकबाद देता हूं।इस कार्यक्रम में देहात विधानसभा से विधायक आशु मलिक, बेहट विधानसभा से विधायक उमर अली खान, रोहित राणा , समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अब्दुल वाहिद ,बेहट विधानसभा से अध्यक्ष रागिब प्रधान जी, राव मेहताब ,बिलाल सहारनपुरी, प्रधान तारिक अब्दुल्ला, कारी शमीम अहमद, कारी मोहम्मद सईद साहब, हाजी फजलुर्रहमान नानका वाले, सलीम इंजीनियर साहब, राष्ट्रीय प्रवक्ता किसान यूनियन बेदी नौशाद मलिक, सहारनपुर से अज्जू मलिक ,और मोहम्मद नदीम टोली से हैदर मुखिया, मोहम्मद नौशाद, हाफिज नाजिम डॉक्टर मनसुब सपा नेता सोनू मिर्जा अतहर भाई अब्दुल हसीब मलिक फिरोज भाई जहांगीर अंसारी हाजी छोटा डॉक्टर इशरत साजिद प्रधान सरवर आलम अध्यक्ष ऑल इंडिया सहारा ट्रस्ट। बाबू अब्दुल शहीद जनरल सेक्रेटरी।वकील मलिक वरिष्ठ समाजसेवी ऑल इंडिया सहारा ट्रस्ट। मिस्त्री मोहम्मद वसीम जिलाध्यक्ष।हाजी मोहम्मद खुर्शीद ठेकेदार नसीर अहमद मौजूद रहे

# सड़कों के खस्ताहाल पर वरिष्ठ मंत्री सतपाल महाराज दिखाएं गंभीरता : सूर्यकान्त धस्माना

■ पर्वतीय इलाकों में सड़कें ध्वस्त, 200 से ज्यादा लोगों ने गंवाईं अपनी जान : उत्तराखंड कांग्रेस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून, 13 दिसम्बर। उत्तराखंड राज्य की बीजेपी सरकार के वरिष्ठ मंत्री सतपाल महाराज द्वारा रुद्रप्रयाग में सड़कों के खस्ता हाल पर दिए गए बयान को आधार बना कर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि न केवल रुद्रप्रयाग बल्कि पूरे राज्य के पर्वतीय इलाकों में सड़कों का हाल खस्ता है और जिसके कारण पिछले छह महीनों में उत्तराखंड में हुई एक दर्जन से ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में दो सौ से अधिक लोगों की कीमती जान चली गयी किंतु राज्य व केंद्र की सरकारें मात्र ट्वीट कर दुख और शोक व्यक्त करने व मुआवजा राशि घोषित करने के अलावा कोई ठोस सड़क सुरक्षा के इंतजाम नहीं कर रही ।

अपने कैम्प कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए धस्माना ने कहा कि अब तो सड़कों के खस्ता हाल पर हमारे आरोप पर राज्य के वरिष्ठ मंत्री सतपाल महाराज जो पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं ने खुद ही मोहर लगा दी है। धस्माना ने कहा कि खस्ता हाल सड़कों के कारण अकेले तीन बड़ी दुर्घटनाओं में जून पांच 2022 को डामटा उत्तरकाशी में 26 लोगों, 4 अक्टूबर 2022 को 34 यात्री बस ऐक्सिडेंट में सिमड़ी पौड़ी गढ़वाल, 18 नवम्बर 2022 पल्ला जखोल चमोली गढ़वाल में मैक्स में 12 यात्रियों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी। कोंग्रेसी नेता धस्माना ने कहा कि इसके अलावा अन्य सड़क दुर्घटनाओं में छोटी गाड़ियों की अलग अलग जगहों पर घटित दुर्घटनाओं में भी लगभग 125 लोगों की मौत पिछले छह महीनों में घटी हैं जो सरकारी लस्परवाहि के कारण हुई जो एक बड़ा चिंता का विषय है।

वरिष्ठ कोंग्रेसी लीडर सूर्यकान्त धस्माना ने कहा कि दुर्घटनाओं को कैसे रोकें इस पर सड़क परिवहन विभाग , पुलिस व लोक निर्माण विभाग के पास कोई ठोस कार्य योजना नहीं है और सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि सड़कों के लिए जिम्मेदार विभाग के विभागाध्यक्ष जो कि मुख्य अभियंता भी हैं उनका प्रमोशन व सेवा विस्तार घोटाले के आरोप जो स्वयं विभागीय मंत्री लगा रहे हैं में विवादित हो रखा है। धस्माना ने कहा कि लोग खराब सड़कों के कारण दुर्घटनाओं में जान गवां रहे हैं और सरकार व नेतागण दुर्घटना घटने के केवल शोक व्यक्त करने व मुआवजा राशि घोषित करने तक सीमित रहते हैं और फिर अगली दुर्घटना तक लोग पिछली दुर्घटना को भूल जाते हैं।




# नगर निगम की बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा, भाजपा पार्षदों ने मेयर के पति पर लगाए आरोप, धरने पर बैठे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 13 दिसम्बर। हरिद्वार नगर निगम की 26 नवंबर की विस्तारित बोर्ड बैठक मंगलवार को भी हंगामे की भेंट चढ़ गई। भाजपा पार्षदों ने मेयर के प्रतिनिधि एवं पति अशोक शर्मा पर नगर निगम के कार्यों में हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मेयर के समर्थन में आए कांग्रेसी पार्षदों के साथ जमकर नोंकझोंक हुई। हंगामे की सूचना पर पुलिस पहुंची और बमुश्किल पार्षदों को शांत कराया। संसद सत्र चलने के कारण बोर्ड बैठक स्थगित हो गई और अब 24 दिसंबर को होगी।

मंगलवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक टाउनहॉल में दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुई। भाजपा पार्षद विनीत जौली, ललित



रावत सहित कई पार्षद धरने पर बैठ गए। विनीत जौली ने मेयर अनीता शर्मा से सवाल करते हुए कहा कि वह बताएं कि आखिर मेयर कौन हैं। उनके पति है या फिर वे। आरोप लगाया कि मेयर पति अशोक शर्मा चार साल से निगम के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। 26 नवंबर की बोर्ड बैठक की प्रोसीडिंग में छेड़छाड़ की गई है। नेता प्रतिपक्ष सुनील अग्रवाल गुड्डू, अनुज सिंह, हितेश चौधरी ने कहा कि अशोक शर्मा के हस्तक्षेप के कारण वार्डों में होने जा रहे निर्माण कार्य भी अटक गए। उन्होंने जमीन के प्रस्ताव में भी छेड़छाड़ की है।

आरोपों के बीच कांग्रेसी पार्षद राजीव भार्गव, उदयवीर चौहान, इसरार अहमद, रियाज अंसारी, जफर अब्बासी, कैलाश भट्ट मेयर के समर्थन में आ गए। उन्होंने भाजपा नेताओं पर रिमोट से चलने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद दोनों दलों के पार्षदों के बीच नोंकझोंक और तू-तू, मैं-मैं होने लगी। हंगामे की सूचना मिलते ही मायापुर चौकी प्रभारी संतोष सेमवाल टीम के साथ पहुंचे। पार्षदों को शांत किया। इसके बाद बैठक को संसद सत्र चलने की बात कहते हुए स्थगित कर दिया गया। जबकि कुछ पार्षद विस्तारित बैठक होने की बात कहते हुए स्थगित न करने की मांग कर रहे थे।

भाजपा पार्षदों ने जब मेयर अनीता शर्मा और उनके पति अशोक शर्मा पर आरोप लगाए तो मेयर ने भी पार्षदों को स्पष्ट शब्दों में जवाब दिए। मेयर ने कहा कि बोर्ड की प्रोसीडिंग बैठक के बाद निगम कार्यालय में ही होती है। कोई अपने घर नहीं लेकर जाता है। किसी भी प्रोसीडिंग में छेड़छाड़ नहीं हुई है। जिस जमीन को प्रेम प्रकाश आश्रम को देने का प्रस्ताव था, उसका मामला पहले से ही न्यायालय में चल रहा है। ऐसे में प्रस्ताव कैसे पास किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मेरे पति या फिर किसी कांग्रेसी पार्षद ने कोई जमीन अपने नाम तो नहीं कराई है। विरोध करने वाले भाजपा पार्षद कितने खरे हैं ये सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पति जनसेवक हैं। क्या उन्हें बोलने का अधिकार नहीं है। वह अच्छा कार्य कर रहे हैं। मेयर पति ने किसी की जमीन पर कब्जा नहीं किया है। मैं कांग्रेस से मेयर हूं, इसलिए हमें दबाने की कोशिश की जाती है। लेकिन हम दबेंगे नहीं। किसी पार्षद का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले भाजपा में शामिल हुए एक व्यक्ति ने उनके पति को लेकर जिस तरह से गलत भाषा का प्रयोग किया उसे बिल्कुल बरदाश्त नहीं किया जाएगा।

# पर्यटक स्थलों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए हैलीपैड बनाए जाए : सतपाल महाराज

## चमोली को कैबिनेट मंत्री महाराज ने दी 565.43 लाख की योजनाओं की सौगात





**आशीष तिवारी की विशेष रिपोर्ट - न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

गोपेश्वर (चमोली) , 13 दिसंबर , प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने गढ़वाल भ्रमण के तीसरे दिन जनपद मुख्यालय में पंचायतीराज एवं लोक निर्माण विभाग की करोडों रुपये की कई विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को जनपद मुख्यालय गोपेश्वर में पंचायतीराज एवं लोक निर्माण विभाग की 565.43 लाख रुपये की कई विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पूर्व उन्होने जनपद के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात करते हुए जन समस्याओं को सुनने के साथ-साथ अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश भी दिए।

पर्यटन मंत्री ने शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढाने पर जोर देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के अलावा जो भी हमारे धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है, उनको विकसित किया जाए। ताकि शीतकाल में भी यहां पर्यटकों की आवजाही बनी रहे और लोगों की आर्थिकी मजबूत हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पंच बद्री एवं केदार के शीतकालीन गद्दीस्थलों से आरती/पूजाएं लोगों को दिखाने की व्यवस्था की जाए। औली, गौरसों एवं अन्य क्षेत्रों में स्कीइंग को प्रमोट करें। जिले में एयरपोर्ट बनाने के लिए भूमि चिन्हित की जाए। साथ ही पर्यटक स्थलों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए हैलीपैड बनाए जाए। सीमांत गांवों में होमस्टे के माध्यम से पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं दी जाए। धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों को एक सर्किट के रूप में जोड़ा जाए। बताया कि भवष्यि बद्री, कार्तिक स्वामी एवं कालीमठ के विकास हेतु योजना तैयार की जा चुकी है। टिम्मरसैंण महादेव की यात्रा के लिए सभी सुविधाएं जुटायी जाए। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन का फायदा तभी मिलेगा जब शीतकालीन पर्यटन को बढाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि सड़कों पर पानी निकासी हेतु नालियों का निर्माण एवं सड़क किनारे झाडियों का कटान सुनिश्चित किया जाए। सड़कों को गड्ढा मुक्त करें। गोपेश्वर में जाम की समस्या को दूर करने के लिए बाईपास निर्माण कार्यो को जल्द शुरू किया जाए और भविष्य के लिए गोपेश्वर एवं अन्य नगर कस्बों में रिंग रोड़ बनाने का प्रस्ताव तैयार करें। हल्दापानी एवं कर्णप्रयाग मंडी के निकट भूस्खलन प्रभावित जोन का ट्रीटमेंट किया जाए। रूद्रनाथ ट्रैक लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने के लिए शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध किया जाए।

कैबिनेट मंत्री महाराज ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। योजना के तहत पानी के नए स्त्रोत को टैप किया जाए। उन्होंने पंचायतों की आय बढाने पर भी जोर दिया। किसानों की आय बढाने के लिए स्थानीय उत्पादों की ब्राडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग करने के निर्देश दिए। वन क्षेत्रों में फलदार पौधे लगाने के लिए वन विभाग को विशेष अभियान चलाने को कहा। ताकि जंगली जानवरों से फसलों को नुकसान न हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को विकास कार्यो में अपनी संपूर्ण सहभागिता के साथ सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उपलब्ध की भी बात कही।

प्रदेश के लोक निर्माण एवं पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने गोपेश्वर स्थित जिला मुख्यालय पर लोक निर्माण एवं पंचायत राज विभाग की अनेक योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होने राज्य योजना के अंतर्गत 147.82 लाख की लागत के नरायणबगड़-चोपता मोटरमार्ग से पैठाणी तक मोटर मार्ग के निर्माण कार्य, 58.97 लाख की लागत से बनने वाले कोड़वा बैण्ड से देवस्थली मोटर मार्ग के निर्माण कार्य, हरमनी करच्यूड़ा मोटर मार्ग के किमी0 1 से विणागांव झंगोरगांव-एस०सी० बस्ती हरमनी हरमनी तल्ली तक 55.46 लाख की लागत से बनने वाले मोटर-मार्ग के निर्माण कार्यो का शिलान्यास करने के अलावा 58.89 लाख की लागत से बने ग्वालदम-बैजनाथ मोटर मार्ग के ताल से बीनातोली तक 03 किमी मोटर मार्ग के पी०सी० द्वारा डामरीकरण कार्य और 88.29 लाख की धनराशि से बने जूनीधार-गोठिन्डा-टुन्ड्री मोटर मार्गों के नव निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया।

पंचायती राज मंत्री महाराज ने पंचायतीराज विभाग, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड नारायबगड़ की ग्राम पंचायत रैंस में 12 लाख के पंचायत भवन, ग्राम पंचायत डुंग्री में 12 लाख की लागत के पंचायत भवन, विकासखण्ड नन्दानगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुनाणा में 12 लाख की लागत के पंचायत भवन, ग्राम पंचायत कनोल 12 लाख की लागत के पंचायत भवन के निर्माण कार्य के शिलान्यास के साथ-साथ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत चाका में 12 लाख रूपए की लागत से तैयार पंचायत भवन का लोकार्पण भी किया।

पंचायतीराज मंत्री ने विकासखण्ड कर्णप्रयाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत वणगांव में 12 लाख की धनराशि के पंचायत भवन, ग्राम पंचायत बैनोली में 12 लाख के पंचायत भवन, विकासखण्ड दशोली के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैनुरी में 12 लाख के पंचायत भवन, विकासखण्ड थराली के अंतर्गत ग्राम पंचायत चैपडों में 12 लाख की लागत के पंचायत भवन, विकासखण्ड थराली के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिनई तल्ली में 12 लाख रूपए के पंचायत भवन, विकासखण्ड पोखरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानों में 12 लाख रुपये के पंचायत भवन, विकासखण्ड पोखरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत क्वींठी में 12 लाख के प्रस्तावित पंचायत भवन और विकासखण्ड गैरसैंण के अंतर्गत ग्राम पंचायत बछुवावाण में 12 लाख की धनराशी से बनने वाले पंचायत भवनों के शिलान्यास सहित कुल 565.43 लाख की धनराशि की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने जिला मुख्यालय में आयोजित जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक को भी संबोधित किया। बैठक में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति से मा0कैबिनेट मंत्री को अवगत कराया।

# लो जी हमारा 'समोसा' तो क्रिश्चियन निकला ! हंगामा शुरू







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 13 दिसंबर , भारत में हर शहर और फ़ूड स्टॉल पर आपको करारे लज़ीज़ समोसे मिल जायेंगे। चटनी और छोले के संग आलू भरे समोसे किसको भला पसंद नहीं होंगे लेकिन क्या आप यकीन करेंगे कि हिंदुस्तान में फेवरिट समोसे का भी धर्म है, एक ख़ास समुदाय के संग इसका रिश्ता है ? अपने देश में स्नैक्स के तौर पर पसंद की जाने वाली खास डिश समोसा देश के कोने-कोने में स्ट्रीट फूड के तौर पर इसे पसंद किया जाता है. समोसा ठेले पर हो तो 5-10 रुपये में मिल जाता है लेकिन वही समोसा जब ज़रा महंगी दुकानों पर पहुंच जाता है तो उसके रंग-ढंग बदल जाते हैं. इतना ही नहीं, जिस समोसे पर हम जान छिड़कते हैं, उसी समोसे को एक ऐसा भी देश है, जहां पाबंदी का शिकार होना पड़ा है.

भारत से लेकर पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल समेत कई और देशों में समोसे को लोग खूब पसंद करते हैं. हम भारतीयों को चाय के साथ अगर कोई स्नैक सबसे ज्यादा पसंद है, तो वो समोसा ही है. मेहमानों को परोसना हो या फिर छोटी-मोटी भूख का इंतज़ाम करना हो, करारे समोसे हर जगह काम आते हैं. हालांकि दुनिया में एक देश ऐसा भी है, जहां समोसे पर पूरी तरह से पाबंदी है, इसे खाने या फिर बनाने पर लोगों को सज़ा तक दे दी जाती है.

**समोसे का तिकोना होना है 'प्रॉब्लम'**

भारतीय समोसे को जहां यूरोपियन देशों तक में पसंद किया जा रहा है, वहीं अफ्रीकी देश सोमालिया में समोसा खाने पर पाबंदी लगी है. इस देश में समोसा बनाने, खरीदने और खाने पर लोगों को सज़ा भी दी जाती है. इसकी वजह है समोसा का तिकोना आकार. सोमालिया का एक चरमपंथी समूह मानता है कि समोसे का तिकोना रूप क्रिश्चियन कम्यूनिटी के एक चिह्न से मिलता-जुलता है. यही वजह है कि सोमालिया में समोसे पर प्रतिबंध लगाया गया है. हालत ये है कि सोमालिया में समोसा बनाने, खरीदने और खाने पर भी सजा का प्रावधान है. कई रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया है कि समोसे में सड़े-गले मीट को भरने की वजह से इस पर पाबंदी लगाई गई.

**कहां से आया समोसा ?**

जानकारी के मुताबिक 10वीं सदी के आसपास मध्य एशिया से आए अरबी सौदागर समोसे की रेसिपी को अपने साथ लेकर आए. इसका जिक्र दसवीं शताब्दी में लिखी किताबों में हुआ है. ईरानी इतिहासकार अबोलफाजी बेहाकी ने "तारीख ए बेहाकी" में इसका जिक्र किया. माना जाता है कि समोसे का जन्म मिस्र में हुआ. वहां से ये लीबिया पहुंचा. फिर मध्य पूर्व. ईरान में ये 16वीं सदी तक बहुत लोकप्रिय था, लेकिन फिर सिमटता चला गया. अमीर खुसरो के मुताबिक 13वीं सदी में ये मुगल दरबार की पसंदीदा डिश थी. हालांकि हमारे आलू वाले समोसे 16वीं सदी में बने, जब पुर्तगाली आलू लेकर भारत आए.और इस तरह से भारत में समोसे की अनगिनत वेरायटी परवान चढ़ी और आज ये घर घर मशहूर है।

# संपादकीय

## रुपये में व्यापार


अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर, पाउंड, येन, यूरो जैसी कुछ मुद्राओं का वर्चस्व है. इस कारण अन्य मुद्राओं को इनकी कीमतों के अनुसार संचालित होना पड़ता है. कुछ मुद्राओं की विशिष्टता के उनके देशों का महत्व भी बहुत अधिक होता है तथा वे अपने हितों के अनुरूप कार्य करते हैं. भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में है तथा हमारा अंतरराष्ट्रीय व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है. ऐसे में रुपये को विनिमय के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में स्थापित करना आवश्यक है. भारत सरकार और रिजर्व बैंक अनेक देशों की सरकारों और केंद्रीय बैंकों के साथ इस संबंध में विचार-विमर्श कर रहे हैं तथा इसमें प्रगति भी हो रही है. कई अंतरराष्ट्रीय बैंकों ने रुपये में भुगतान के लिए विशेष व्यवस्था करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. इस क्रम में उल्लेखनीय पहल करते हुए सरकार ने व्यापारिक संगठनों और बैंकों से कहा है कि वे दूसरे देशों के साथ संबंधित संभावनाओं की तलाश करें. रुपये में व्यापार की वर्तमान व्यवस्था रूस, मॉरीशस और श्रीलंका के साथ कार्यरत है. इसके अनुभवों का लाभ उठाया जा सकता है. अंतरराष्ट्रीय व्यापार में मुद्रा के अनुरूप विशेष रूप से वोस्ट्रो खाते खोलने होते हैं. व्यापारियों का भुगतान इन्हीं खातों से होता है. अब तक ऐसे 18 विशेष रुपये खाते खोले जा चुके हैं तथा इस प्रक्रिया में 11 बैंक भागीदार हैं. इन खातों के अलावा भारत के लेन-देन के स्थानीय तरीकों को भी अंतरराष्ट्रीय बनाने का आग्रह सरकार की ओर से किया गया है. कुछ मुद्राओं का वर्चस्व भू-राजनीतिक हितों के लिए भी जोखिम साबित हो सकता है. रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर जो आर्थिक पाबंदियां लगायी हैं, उनमें यह प्रावधान भी है कि रूसी मुद्रा रूबल में वे कारोबार नहीं करेंगे. यह मसला भी वैश्विक वित्त बाजार में उठाया जाता रहा है कि मजबूत मुद्राओं वाले देश उनकी कीमतों को अपने फायदे को ध्यान में रखते हुए घटाते-बढ़ाते रहते हैं. ऐसे रवैये से भारतीय मुद्रा भी प्रभावित होती है. यदि मुद्रा की कीमत घटती है, तो निवेश पर भी प्रतिकूल असर होता है तथा बाहर की देनदारियां भी महंगी हो जाती हैं. भारत का द्विपक्षीय व्यापार निरंतर बढ़ता जा रहा है. सरकार विभिन्न देशों के साथ या तो मुक्त व्यापार संधियां कर चुकी है या उनके संबंध में बातचीत चल रही है. जब दो देशों के बीच खरीद-बिक्री हो रही है, तो फिर किसी अन्य असंबद्ध मुद्रा में लेन-देन का कोई बहुत मतलब नहीं रह जाता है. वित्तीय स्वायत्तता को सुनिश्चित करने तथा रुपये को अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर स्थापित करने में इस पहल से बड़ी मदद मिलेगी. इस प्रयास में कारोबारियों और बैंकों को अहम भूमिका निभानी है.

# ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तराखंड अगले 48 घंटों तक शीतलहर की चपेट में रहेगा : आईएमडी ने येलो वॉच की जारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

जबकि उत्तराखंड में दिसंबर के अंत तक बर्फ नहीं दिखाई देगी, हिमालयी राज्य में पारा के स्तर में काफी गिरावट देखी जा रही है - यहां तक कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने राज्य में 'शीत लहर' का अलर्ट जारी किया है। अगले दो दिनों के लिए।अगले 48 घंटों के दौरान, उत्तरी राज्य में रात के तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी जा सकती है। और शेष सप्ताह के लिए पारा बहुत अच्छी तरह से कम रह सकता है, विशेष रूप से आईएमडी ने भी अगले तीन दिनों के दौरान पूरे उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की भविष्यवाणी की है।पहाड़ी क्षेत्रों में, आईएमडी एक शीत लहर की घोषणा करता है जब न्यूनतम तापमान पहाड़ी क्षेत्रों में 0 डिग्री सेल्सियस के बराबर/कम होता है और उस अवधि के लिए सामान्य तापमान से 4.5-6.4 डिग्री सेल्सियस कम होता है।चल रही शीत लहर को एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जो वर्तमान में पड़ोसी राज्यों जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में सक्रिय है। इस तरह के पश्चिमी विक्षोभ अनिवार्य रूप से कम दबाव वाली प्रणालियाँ हैं जो भूमध्य सागर के ऊपर उत्पन्न होती हैं, पूर्व की ओर बढ़ने पर नमी उठाती हैं, और फिर इसे भारत के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी राज्यों में डंप करती हैं।पारे के स्तर में गिरावट को देखते हुए, आईएमडी ने






13 दिसंबर के लिए उत्तराखंड में येलो वॉच जारी की है ताकि स्थानीय लोगों से मौसम के बारे में 'अद्यतित' रहने और आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया जा सके। राज्य के उधमसिंह नगर जिले में भी अगले 24 घंटे येलो वॉच रहेगी।अपने आप को ठंड से बचाने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं जिनमें आपकी त्वचा को तेल या क्रीम से मॉइस्चराइज करना, बहुत सारे गर्म तरल पदार्थ पीना, विटामिन सी से भरपूर आहार खाना और बाहर निकलने से पहले पर्याप्त गर्म कपड़े पहनना शामिल हैं।

सांस की समस्या वाले लोगों को सलाह दी जाती है कि जब तक कोई आपात स्थिति न हो, बाहर न निकलें।आईएमडी द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी देहरादून में दिन का तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। नैनीताल स्थित पर्यटन स्थल मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

स्थिति और खराब होने की संभावना के साथ, विशेषज्ञों को पाले के कारण फसल के नुकसान की आशंका है।हालाँकि, सर्दियों के कुछ सुखद पहलू भी हैं। उदाहरण के लिए, उत्तराखंड के गढ़वाल और कुमाऊँ क्षेत्रों में, सर्दी कुछ अनोखे खाद्य पदार्थों का प्रतिनिधित्व करती है। हिमालयी राज्य के ऊपरी इलाकों से जड़ी-बूटियाँ, और स्थानीय रूप से उगाई जाने वाली फलियाँ, कंद, खट्टे फल और धूप में सुखाई हुई सब्जियाँ, पहाड़ के लोगों को ठंड के महीनों में जीविका, पोषण और गर्मी प्रदान करती हैं। और अपने शरीर को गर्म रखने के लिए आहार में भांग (भांग के बीज) को शामिल करना न भूलें!

# मौसम पूर्वानुमान नेटवर्क को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को ₹राज्य में मौसम पूर्वानुमान नेटवर्क को मजबूत और सघन बनाने₹ के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।एक अधिकारी ने कहा, ₹इसका उद्देश्य मौजूदा नेटवर्क को सघन बनाना और राज्य में वास्तविक समय की मौसम सूचना प्रणाली विकसित करना है, जो अत्यधिक मौसम की स्थिति के कारण होने वाली प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है।₹एमओयू के अनुसार, आईएमडी पहाड़ियों में उन जगहों की पहचान करेगा जहां कॉम्पैक्ट राडार, स्वचालित मौसम प्रणाली, स्नो गेज और अधिक वर्षा गेज स्थापित किए जाएंगे ताकि सटीक मौसम पूर्वानुमान लगाया जा सके।क्षेत्रीय MeT केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, ₹रडार और अन्य मौसम पूर्वानुमान उपकरण लगाने के लिए स्थानों की पहचान करने के लिए एक समिति बनाई गई है। समिति इस महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी।



# करेला खाने के ये बड़े फायदे.....

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

करेला एक ऐसी सब्जी है जिसको खाना सबको नहीं भाता है. बच्चों को तो खासतौर पर. जब भी आप किसी से फेवरेट सब्जी के बारे में पूछेंगे तो शायद ही कोई करेले का नाम ले. इसको ना पसंद करने के पीछे का कारण करेला का कसेला स्वाद होता है. लेकिन ये खाने में भले ही अच्छा ना लगे लेकिन इसके फायदे जान जाएंगे तो निश्चित ही खाना शुरू कर देंगे. ये डायबिटीज पेशेंट को तो जरूर खाना चाहिए. इसके अलावा यह स्किन और बालों के लिए बहुत अच्छा साबित होता है. तो चलिए जानते हैं इसके लाभों के बारे मेंअगर आपको कभी स्किन से संबंधित समस्या जैसे सोरायसिस या एक्जिमा हो जाए तो करेला का सेवन करना शुरू कर दीजिए. इससे आपको आराम मिलेगा.- इसको खाने से बालों का झड़ना कम होता है.साथ ही बालों में चमक बनी रहती है. आप करेला का जूस भी पी सकते हैं. आप चाहें तो इसके पेस्ट को स्कैल्प में



अप्लाई कर सकते हैं. इससे आपका स्कैल्प डीप क्लीन होगा. बाल की लंबाई में भी इजाफा होगा.- करेला खाने से चेहरे पर नजर आने वाली फाइन लाइन और झुर्रियां भी कम होती हैं. इसको खाने से शरीर को फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद मिलती है.इसको खाने से आपकी स्किन सूरज की खतरनाक यूवी किरणों से भी लड़ने में मदद करती है.- करेला के खाने से बालों में रूसी की समस्या भी कम होती है. आपको बस इसके जूस से स्कैल्प को मैसेज देना है. तो ये रहे करेला खाने का फायदा.

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# विश्वविद्यालय को शासन स्तर से पूरा सहयोग दिया जायेगा : राज्यपाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पन्तनगर, 13 दिसम्बर , महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति, सभी कॉलेजों के डीन एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ सवांद किया। उन्होंने प्रत्येक डीन एवं निदेशकों से उनके कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। राज्यपाल ने उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को शासन स्तर से पूरा सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सेवा सम्बन्धी समस्याओं के विषय पर शासन स्तर पर वार्ता कर शीघ्र ही उनका निस्तारण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से सम्बंधित अपनी समस्याओं को निसंकोच उनके सम्मुख रख सकते हैं।





राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों से भी संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके रुचि, लक्ष्य एवं चुनौतियों के बारे में वार्ता कर उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया उन्होंने सभी को उनके लक्ष्य के लिए प्रोत्साहित किया। महामहिम राज्यपाल ने क्रॉप रिसर्च सेंटर, पन्तनगर पहुँचकर जनरल बिपिन रावत, रिसर्च स्कूल का दीप प्रज्वलित कर शिलान्यास किया एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कृषि यंत्रों, खाद्य उत्पादों एवं वर्टिकल फार्मिंग, उत्तराखंड की संस्कृति, त्योहारों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गृह विज्ञान कॉलेज के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने गृहविज्ञान के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य वर्धक उत्पादों का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक नई तकनीक एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से पूरे उत्तराखंड का भविष्य बदल सकते हैं बस बिना किसी चिंता के कार्यों को पूर्ण करे तभी लक्ष्य प्राप्त होगा। इसके उपरांत महामहिम राज्यपाल ने शारीरिक शिक्षा अनुभाग पहुँचकर विश्वविद्यालय में बने व्यायामशाला (जिम) का मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्वलित कर, शिलान्यास किया एवं फीता काटकर शुभारम्भ किया।

उन्होंने व्यायामशाला कि प्रसंशा करते हुए कहा कि व्यायामशाला बहुत ही आकर्षक है, व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है और शरीर स्वस्थ होने से मन भी स्वस्थ रहता है। शरीर व मन स्वस्थ होने से हम सब अपने कार्यों को पूरे मनोयोग से कर सकते हैं, और मन से किये गए कार्यों में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। इस दौरान उन्होंने बॉडी बिल्डिंग में प्रतियोगिता में मिस्टर उत्तराखंड रहे डॉ हेम चन्द, जम्पिंग जैक में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले अंकित कुमार एवं वैटनरी के क्षेत्र में ऑल इंडिया स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने वाली मानसी रावत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने गौरा देवी प्रशिक्षण केन्द्र, प्रसार शिक्षा निदेशालय का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता की। उन्होंने मंडवा, गेहूँ, बेसन एवं पहाड़ के अन्य उत्पादों के लाभ के विषय में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आश्वासन दिया कि स्वयं सहायता समूह को बाजार में उचित स्थान दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन से पूरा सहयोग करेंगे ताकि महिलाओं की आय को बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजुनाथ टीसी, कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक विश्विद्यालय प्रशासन आशीष भटगाईं, अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह, डीन अलकनंदा अशोक, डॉ ब्रिजेश सिंह, डॉ एनएस जादौन, निदेशक विधि, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ एसके कश्यप, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# स्व० हरबंस कपूर के सम्मान में बने द्वार या मार्ग : सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 13 दिसंबर , भाजपा महानगर अध्यक्ष देहरादून सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने पूर्व भाजपा विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधानसभा अध्यक्ष स्व० श्री हरबंस कपूर की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सहभाग कर श्रद्धासुमन समर्पित करी।स्वर्गीय कपूर के जीवन के बारे में महानगर अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि स्व० कपूर ने अपनी राजनीति की शूरूआत 1989 में देहरादून निर्वाचन क्षेत्र से 10 वीं विधानसभा के सदस्य उत्तर प्रदेश के रूप में शामिल होकर करी, तत्पश्चात 11वीं 12वीं और 13वीं विधानसभा में भी वे शामिल हुए। स्वर्गीय कपूर जी ने 2002 में नए राज्य उत्तराखंड के पहले चुनाव में भी अपनी जीत को बरकरार रखा और राज्य स्थापना के बाद भी सभी चुनावों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। 2007 में, उन्हें सर्वसम्मति से उत्तराखंड विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया।श्रद्धांजलि सभा में उत्तराखण्ड सरकार के समक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के द्वारा यह मांग रखी गई कि स्वर्गीय हरबंस कपूर जी के नाम पर किसी प्रमुख मार्ग का/चौराहे का या किसी प्रमुख संस्थान का नाम रखकर उनको सम्मान देना अति आवश्यक है महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के द्वारा रखी गई मांग के सापेक्ष सभा में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री धनसिंह रावत ने तत्काल घोषणा की कि प्रेमनगर में नव-निर्मित सरकारी_अस्पताल का नामकरण स्वर्गीय हरबंस कपूर जी के नाम पर होगा। कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत द्वारा घोषणा के पश्चात अध्यक्ष महानगर अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में समस्त भाजपा परिवार की ओर से स्व0 हरबंस कपूर जी को ये सच्ची श्रद्धांजलि है श्रद्धाँजलि सभा में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, धनसिंह रावत, प्रेमचंद अग्रवाल, प्रकाश सुमन ध्यानी, आदित्य कोठारी और भाजपा एवम कांग्रेस के वरिष्ठ नेताऔं ने स्वर्गीय कपूर साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी पदाधिकारियों ने स्वर्गीय श्री हरबंस कपूर जी के जीवन के बारे में क्रमशः अपने अपने विचार भी रखे। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री रविन्द्र कटारिया,विजेन्द्र थपलियाल, बब्लू बंशल, सुमित पाण्डे, संतोष कोठीयाल, रमेश काला,सुरज, आशीष शर्मा, रंजीत सेमवाल, पुनम्बुटोला 'शर्मा' राजेश बडोनी, अक्षत जैन, अभिषेक शर्मा, राजेश क्षेत्री, संजय सिहंल, समिधा गुरूंग, अंकित अग्रवाल, मीरा कठैत, राजेन्द्र कुकरेजा, मीनाक्षी मौर्या, अर्चना पुण्डीर, प्रवीन नेगी, विशाल शर्मा, मनोज जाटव, सत्यम अरोड़ा, विजय गुप्ता संजय गुप्ता राघव धीमान, विनोद कुमारविजय आदि वरिष्ठ समाजसेवी/भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे





# नशे में धुत युवकों ने सगे भाइयों से की मारपीट

## बीच में आई महिलाओं और स्थानीय लोगों से भी की अभद्रता



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश के शास्त्री नगर में घर के बाहर शराब पीने से मना करने पर नशे में धुत युवकों ने दो सगे भाइयों पर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। बीच बचाव में आई महिलाओं सहित कई स्थानीय लोगों के साथ भी युवकों ने अभद्रता की। स्थानीय लोग दोनों घायल युवकों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां गंभीर रूप से घायल एक युवक को चिकित्सकों ने एम्स रेफर कर दिया।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात आईडीपीएल चौकी क्षेत्र के शास्त्री नगर में चार पांच युवक रतन सिंह नेगी के घर के बाहर कार में बैठकर शराब पी रहे थे। युवकों का शोर शराबा सुनकर रतन सिंह नेगी के बेटे प्रदीप नेगी घर से बाहर आए। प्रदीप ने युवकों को उनके घर के बाहर शराब पीने से मना किया। यह बात शराब के नशे में धुत युवकों को इतनी नागवार गुजरी की उन्होंने प्रदीप के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

इस बीच प्रदीप के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर उनका भाई संदीप भी बाहर आ गया। युवकों ने अपने कुछ साथियों को भी फोन कर मौके पर बुला लिया। आरोप है कि सभी ने लाठी, डंडों और धारदार हथियारों से प्रदीप नेगी और संदीप के साथ मारपीट की। स्थानीय लोग दोनों युवकों को छुड़ाने लगे तो युवकों ने महिलाओं सहित कई लोगों के साथ धक्का मुक्की और अभद्रता की।

स्थानीय लोग दोनों युवकों को किसी तरह बचाकर उपचार के लिए एसपीएस राजकीय अस्पताल लेकर गए। संदीप नेगी की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उनको एम्स रेफर कर दिया। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी दर्शन प्रसाद काला ने बताया कि प्रदीप नेगी ने सर्वहारा नगर के एक दर्जन लोगों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, प्राणघातक हमला और जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।